M.P. PROFESSIONAL EXAMINATION BOARD, BHOPAL
"CHAYAN BHAWAN", MAIN ROAD NO-1, CHINAR PARK(EAST), BHOPAL-46201
E-Mail : vyapam@mp.nic.in, Website : www.vyapam.nic.in Phone: (0755) 2578801-04 Fax: 0755-2550498

# RESULT OF P.A.T.-2013
## (PRE-AGRICULTURE TEST-2013)

Courses :
B.Sc.(Agriculture), B.Sc.(Horticulture), B.Sc.(Forestry), B.Tech.(Agri.Engg.), B.Sc.(Agriculture & Entrepreneurship)

| | | |
|---|---|---|
| DATE OF TEST | - | 26TH MAY 2013 |
| DATE OF RESULT | - | 25TH JUNE 2013 |

RESULT IS AVAILABLE ON WEBSITE : **www.vyapam.nic.in**

# मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल
## प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट (पी.ए.टी.)–2013 का परीक्षा परिणाम

मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा 26/05/2013 (रविवार) को प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इंदौर व जबलपुर शहरों में प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट (पी.ए.टी.)–2013 प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1. पी.ए.टी.–2013 प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के कृषि महाविद्यालयों में बी.एससी.(कृषि), बी.एससी.(वानिकी), बी.एससी.(उद्यानिकी), बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी) तथा बी.एससी.(कृषि एवं उद्यमिता) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिए जायेंगे।

2. इस परीक्षा के लिए ऑनलाईन के माध्यम से प्राप्त कुल **38,283** मान्य आवेदन पत्रों में से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या **29,585** थी। परीक्षा में सम्मिलित कुल अभ्यर्थियों में से अनुसूचित जाति के **4,826**, अनुसूचित जनजाति के **5,999** तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के **12,775** अभ्यर्थी एवं सभी श्रेणियों की कुल महिला अभ्यर्थियों की संख्या **6,818** थी।

3. इस परीक्षा में **जबलपुर** परीक्षा शहर के **श्री आदित्य शर्मा** आत्मज **श्री राजेन्द्र कुमार** ने कुलांक **200** में से **169.00** अंक प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में **प्रथम स्थान** प्राप्त किया है। **प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का विवरण निम्नानुसार है :–**

| मेरिट क्र. | रोल नं. | नाम/पिता का नाम | श्रेणी | लिंग | प्राप्तांक 200 में से | परीक्षा शहर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 319955 | ADITYA SHARMA<br>RAJENDRA KUMAR | UR | M | 169.00 | JABALPUR |
| 2 | 362551 | ROHIT KARODE<br>TILOKCHANDRA KARODE | OBC | M | 165.00 | INDORE |
| 3 | 308551 | DEEPAK VERMA<br>MADAN VERMA | OBC | M | 165.00 | INDORE |
| 4 | 315392 | SHIVAM UPADHYAY<br>R.S. UPADHYAY | UR | M | 164.00 | JABALPUR |
| 5 | 314677 | POOJA MISHRA<br>DINESH KUMAR MISHRA | UR | F | 164.00 | JABALPUR |
| 6 | 352152 | ANIL DHANGAR<br>GOURDHAN SINGH DHANGAR | OBC | M | 163.00 | BHOPAL |
| 7 | 303009 | NARAYAN KIRAR<br>KAMAL SINGH KIRAR | OBC | M | 163.00 | BHOPAL |
| 8 | 305549 | ANSHITA JHAM<br>HARISH KUMAR JHAM | UR | F | 163.00 | GWALIOR |
| 9 | 363208 | ASHOK DHAKAD<br>KALYAN SINGH | OBC | M | 162.00 | INDORE |
| 10 | 303839 | VINOD DHAKAD<br>SHIV CHARAN CHAKAD | OBC | M | 162.00 | BHOPAL |

4. परीक्षा उपरांत मंडल द्वारा दिनांक 27.05.2013 को आदर्श उत्तर वेबसाईट पर अपलोड किये गए थे, जिस पर दिनांक 03.06.2013 तक अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदनों पर अंतिम उत्तर समिति के विषय विशेषज्ञों द्वारा समग्र रूप से विचार/अध्ययन कर अंतिम उत्तर को अंतिम रूप दिया गया, जिसके आधार पर यह परीक्षा परिणाम तैयार किया गया।

5. नियमपुस्तिका के अध्याय–1 के नियम क्रं. 1.18(1) एवं 1.18(2) के अनुसार कुंजी समिति द्वारा तैयार किए गए "अंतिम उत्तर" तथा "परीक्षा परिणाम" मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट www.vyapam.nic.in पर प्रदर्शित किए गए हैं। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं। परीक्षा परिणाम का डाक या अन्य माध्यम से प्रेषण नहीं किया जायेगा।

–2–

6. पी.ए.टी.–2013 प्रवेश परीक्षा के लिए प्राप्त नियमों के आधार पर इस परीक्षा परिणाम के अंतर्गत बी.एस.सी.(कृषि), बी.एस.सी.(उद्यानिकी), बी.एस.सी.(वानिकी) एवं बी.एस.सी.(कृषि एवं उद्यमिता) पाठ्यक्रमों की फ्री व पेमेंट सीटों के लिए एकजाई श्रेणीवार प्रावीण्य सूचियॉ तथा बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी) पाठ्यक्रम की फ्री व पेमेंट सीटों के लिए एकजाई श्रेणीवार प्रावीण्य सूचियॉ तैयार की गई है।

7. कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की शहरवार व श्रेणीवार जानकारी क्रमशः तालिका 1 व 2 में दी गई है।

**तालिका–1**

**कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की शहरवार जानकारी**

| क्रं. | शहर का नाम | कुल मान्य आवेदक | | योग | परीक्षा में सम्मिलित आवेदक | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | | छात्र | छात्रा | |
| 1 | भोपाल | 6,222 | 1,878 | 8,100 | 4,706 | 1,437 | 6,143 |
| 2 | ग्वालियर | 2,895 | 439 | 3,334 | 2,007 | 329 | 2,336 |
| 3 | इन्दौर | 11,497 | 2,151 | 13,648 | 9,940 | 1,758 | 11,698 |
| 4 | जबलपुर | 8,737 | 4,464 | 13,201 | 6,114 | 3,294 | 9,408 |
| | **योग :–** | **29,351** | **8,932** | **38,283** | **22,767** | **6,818** | **29,585** |

**तालिका–2**

**कुल आवेदक एवं परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की श्रेणीवार जानकारी**

| क्रं. | श्रेणी का नाम | कुल मान्य आवेदक | | योग | परीक्षा में सम्मिलित आवेदक | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | छात्र | छात्रा | | छात्र | छात्रा | |
| 1 | अनारक्षित | 5,578 | 2,235 | 7,813 | 4,264 | 1,721 | 5,985 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 5,056 | 1,560 | 6,616 | 3,684 | 1,142 | 4,826 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 5,865 | 2,193 | 8,058 | 4,387 | 1,612 | 5,999 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 12,852 | 2,944 | 15,796 | 10,432 | 2,343 | 12,775 |
| | **महायोग :–** | **29,351** | **8,932** | **38,283** | **22,767** | **6,818** | **29,585** |

8. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर बनाया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विभाग/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा। तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

9. पी.ए.टी.–2013 में सफल अभ्यर्थियों के लिए नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी सक्षम प्राधिकारी/संबंधित विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी अथवा उनकी वेबसाईट पर उपलब्ध की जावेगी।

**(अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदित)**

भोपाल, दिनांक : 25/06/2013

25/6/13

**( डॉ. पंकज त्रिवेदी )**

**नियंत्रक**

म.प्र. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल

भोपाल